21/08/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री मोदी आज पैतालीस वर्षों के बाद पोलैंड की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। मोरारजी देसाई उन्नीस सौ उनासी में पोलैंड की यात्रा करने वाले अंतिम भारतीय प्रधानमंत्री थे। पोलैंड और युक्रेन की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी पोलैंड यात्रा दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के सत्तर वर्ष पूरे होने के मौके पर हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पोलैंड मध्य यूरोप में भारत का महत्वपूर्ण आर्थिक साझेदार है। उन्होंने कहा कि भारत और पोलैंड लोकतंत्र, बहुलवाद तथा दोनों देशों के सम्बन्धों को मजबूत बनाने के प्रति वचनबद्ध हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे राष्ट्रपति व्लोदोमीर जेलेंस्की के निमंत्रण पर यूक्रेन की यात्रा पर जायेंगे और यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की यूक्रेन की पहली यात्रा होगी। उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय सहयोग और यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर चर्चा करेंगे। उन्होंने क्षेत्र में स्थिरता और शांति बहाली की उम्मीद जताई।

000000000000000000

नामसाई जिले की न्यायिक जेल से भागे सभी चार अपराधियों को पुलिस ने फिर से गिरफ्तार कर लिया है। अर्जुन कंडा और रॉबिन सुरीन को सोमवार को पियोंग कछारी इलाके से गिरफ्तार किया गया, जबकि मिनेश्वर दिहिंगिया को मंगलवार तड़के बोघामुर से गिरफ्तार किया गया, ये सभी स्थान नामसाई जिले के हैं।

एसपी सांगे थिनले ने कहा कि चौथा अपराधी गोपाल मुंडा कल तक छिपा हुआ था, लेकिन आज सुबह करीब दो बजकर तीस मिनट में उसे भी नामसाई में उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया गया। चारों जेल तोड़ने वालों ने अपनी दोबारा गिरफ्तारी के दौरान कोई विरोध नहीं किया। नामसाई एसपी सांगे थिनले ने बताया कि मिनेश्वर दिहिंगिया यह जानते हुए भी कि पुलिस उसके घर पर छापा मार रही है, धान भंडारण कक्ष में छिपा हुआ था। एसपी ने कहा कि उसे बंदूक की नोक पर आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया गया क्योंकि वह एक कट्टर अपराधी है। 0000000000000000

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता बलात्कार और हत्या पीड़िता के नाम, फोटो और वीडियो क्लिप के किसी भी संदर्भ को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से तत्काल हटाने का आदेश दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने कोलकाता के आर जी कर अस्पताल में एक डॉक्टर के कथित बलात्कार और हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया।

0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल के.टी. परनायक ने आज ईटानगर में 'अरुणाचल प्रदेश में पोक्सो अधिनियम, 2012 की सेक्शन 39 के अनुसार सहायक व्यक्तियों के संबंध में आदर्श दिशा-निर्देशों पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला' में भाग लिया। राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश में हाल ही में हुए पोक्सो मामलों के बारे में अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में बच्चों पर होने वाले यौन अपराधों को रोकना राज्य के सभी लोगों का अनिवार्य कर्तव्य है।

राज्यपाल ने सुझाव दिया कि हितधारकों को माता-पिता, शिक्षकों और समुदाय के नेताओं के बीच जागरूकता बढ़ानी चाहिए, बाल शोषण के मूल कारणों से निपटना चाहिए, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित स्थानों तक पहुंच मिले और बच्चों के खिलाफ किसी भी प्रकार की हिंसा के प्रति शून्य सहिष्णुता की संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए। 00000000000000000

पीएचई और जल आपूर्ति मंत्री मामा नातुंग ने मंगलवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से उनके कार्यालय में मुलाकात की और उनसे जल जीवन मिशन के तहत भारत सरकार के चार सौ सत्तावन दशमल पांच नौ करोड़ रुपये के लंबित हिस्से को जारी करने का आग्रह किया। श्री नातुंग ने केंद्रीय मंत्री से दिशा-निर्देशों में उल्लिखित 'सहायता गतिविधि और जल गुणवत्ता निगरानी एवं निगरानी' घटक के तहत साठ दशमलव सात -नौ करोड़ रुपये प्रदान करने पर विचार करने का भी आग्रह किया। इस बीच, केंद्रीय मंत्री ने श्री नातुंग को लंबित राशि और मांगे गए अतिरिक्त साठ दशमलव सात- नौ करोड़ रुपये दो महीने के भीतर जारी करने का आश्वासन दिया है। यात्रा के दौरान नातुंग के साथ विधायक ईलिंग तलांग, पीएचई और डब्ल्यूएस आयुक्त पवन कुमार सैन भी थे।

00000000000000000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार से चार दिन के अमरीका दौरे पर रहेंगे। यात्रा के दौरान श्री सिंह  अपने अमरीकी समकक्ष लॉयड ऑस्टिन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि यह यात्रा भारत-अमरीका संबंधों में प्रगति और कई स्तरों पर बढ़ रहे रक्षा संबंधों की पृष्ठभूमि में हो रही है।

इस यात्रा से भारत-अमरीका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के और घनिष्ठ तथा व्यापक बनने की संभावना है। श्री सिंह अमरीका के रक्षा उद्योग जगत के साथ रक्षा सहयोग पर एक उच्च स्तरीय गोलमेज बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यात्रा के दौरान वह भारतीय समुदाय के साथ भी बातचीत करेंगे।

0000000000000000

आदि बा:ने केबांग के अकादमिक बोर्ड ने मंगलवार को ईस्ट सियांग जिले के बागवानी और वानिकी कॉलेज के सभागार में बोर्ड परीक्षाओं के टॉपर्स सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वालों को सम्मानित करने के लिए अपना वार्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार-2024 समारोह को आयोजित किया। इस अवसर पर पद्म श्री पुरस्कार विजेता यानुंग जामोह लेगो और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता ओलेन मेगु दामिन सहित विभिन्न क्षेत्रों में इकसठ से अधिक उपलब्धि हासिल करने वालों को सम्मानित किया गया।

0000000000000000

आज ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों के सरकारी स्कूलों के दसवीं और बारहवीं कक्षा के टॉपरों के लिए पहला सम्मान समारोह आयोजित किया। अरुणाचल प्रदेश लेजिसलेटिव एसेमब्ली के डी.के. ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री चाउना मेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने युवा उपलब्धि हासिल करने वालों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

इस कार्यक्रम में DoTCL, पर्यावरण और वन, भूविज्ञान, खनन और खनिज मंत्री वांगकी लोवांग, पर्यावरण और वन मंत्री के सलाहकार वांगलिन लोवांगडोंग, DoTCL और परिवहन मंत्री के सलाहकार चाकत आबोह, DoTCL सचिव रानफोआ ङोवा और अन्य लोग भी शामिल हुए।

0000000000000000